पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले शारदा पीठ के शंकराचार्य

लखनऊः 08 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज कश्मीर स्थित श्री सर्वज्ञ शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी अमृतानन्द देवतीर्थ ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल से हुई चर्चा में शंकराचार्य ने कश्मीर से संबंधी जानकारी साझा की। राज्यपाल ने भी उन्हें वर्ष 2019 में इलाहाबाद में आयोजित होने वाले कुम्भ के आयोजन से जुड़े कार्यों तथा बनारस, अयोध्या और मथुरा से संबंधित विकास कार्यों से अवगत कराया। राज्यपाल ने शंकराचार्य स्वामी अमृतानन्द को अपने संस्मरणों पर आधारित पुस्तक 'चरैवेति। चरैवेति।।' की संस्कृत और हिन्दी की प्रति भेंट की।

उल्लेखनीय है कि कश्मीर की नीलम घाटी में शारदा नदी के किनारे स्थित श्री सर्वज्ञ शारदापीठ 18 शक्तिपीठों में से एक है।

अंजुम/ललित/राजभवन(270/7)